"एक्सपर्टस फेवर लिंकिंग आफ रिवर्स" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार

223. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अगस्त, 1991 को 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में प्रकाशित "एक्सपर्ट्स फेवर लिंकिंग आफ रिवर्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा अधिक जल प्रवाह वाली नदियों की पहचान करने के लिये कोई कार्यवाही की गयी है ;

(ग) क्या पानी की कमी वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिये क्या कोई कार्यवाही की जा रही है ;

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस संबंध में सरकार की भावी रूपरेखा की योजना क्या है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण ने विभिन्न प्रायद्वीपीय नदियों के अधिशेष जल और उस क्षेत्र में कमी वाले बेसिनों/उप-बेसिनों का पता लगाने के लिये जल संतुलन अध्ययन प्रारंभ किया है । पता किये गये 137 बेसिनों/उप-बेसिनों में से मार्च, 1991 तक 103 के लिये अध्ययन पूरे किये जा चुके हैं । इनमें केरल की पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां गोदावरी, कृष्णा, पेन्नार के बेसिन/उप-बेसिन और तमिलनाडु की नदियां सम्मिलित हैं ।

(ङ) प्रायद्वीपीय क्षेत्र में अधिशेष जल वाले बसिनों से जल की कमी वाले बेसिनों को जल के स्थानांतरण हेतु 17 जल स्थानांतरण सम्पर्कों की प्रारंभिक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार किये जाने का प्रस्ताव है । पम्बा–अचनकोविल–बैगई संपर्क समेत ऐसे 7 संपर्कों पर रिपोर्टें पूर्ण कर ली गई हैं । शेष 10 जल स्थानांतरण संपर्कों के लिये रिपोर्ट आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूर्ण किये जाने का प्रस्ताव है ।

दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी द्वारा दूध प्राप्त किया जाना

224. **श्री रजनीत सिंह :**
श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और देश के अन्य महानगरों में भी दूध की किल्लत अनुभव की जा रही है ;

(ख) क्या सरकार दूध उत्पादकों से सीधे दूध प्राप्त करने के लिए वर्तमान साधनों के अतिरिक्त अन्य उपायों पर भी विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो इसके संबंध में ब्यौरा क्या है और क्या यह सच है कि दिल्ली दुग्ध योजना तथा मदर डेयरी कतिपय निश्चित संस्थाओं से ही दूध खरीदते हैं; यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं; और

(घ) हाल ही में दूध उत्पाद उद्योग को लाइसेंस मुक्त किए जाने के बाद क्या सरकार ने निश्चित संस्थाओं की बजाय दूध उत्पादकों से सीधे अथवा अन्य संस्थाओं से दूध प्राप्त करने की कोशिश की है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) मदर डेयरी तथा दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा दिल्ली में दूध की सप्लाई के स्तर में कोई कमी नहीं की गई। अन्य महानगरों में दूध की सप्लाई में कमी आने के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

(ख) इस समय सरकार किसी ऐसे प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

(ग) मदर डेयरी तथा दिल्ली दुग्ध योजना पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान नामक पड़ौसी राज्यों के सहकारी डेयरी संघों से दूध प्राप्त करती हैं। इसके अलावा, मदर डेयरी गुजरात सहकारी संघ से भी दूध प्राप्त करती है। दिल्ली दुग्ध योजना इसके अतिरिक्त संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में सहकारी समितियों और महाराष्ट्र सरकार की डेयरियों से भी दूध प्राप्त करती हैं।

(घ) चूंकि दूध की प्राप्ति की मौजूदा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है इसलिए सरकार ने ऐसे कोई प्रयास नहीं किए हैं।

दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी द्वारा दूध की कीमतों में वृद्धि

225. श्री रणजीत सिंह :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष 1990 में तथा इस वर्ष की पहली छः माही में दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी द्वारा कभी दूध के सीधे दाम बढ़ा कर और कभी दूध की गुणवत्ता में कमी करके दूध के दामों में वृद्धि की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इन संस्थाओं में उस समय मूल्य वृद्धि द्वारा प्राप्त राशि का आंशिक लाभ दूध उत्पादकों को दिया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि इस मूल्य वृद्धि से प्राप्त लाभ दूध उत्पादकों को नहीं दिया गया तो उसका क्या कारण था और क्या सरकार अब मूल्य वृद्धि के इस लाभ को दूध उत्पादकों को देने पर विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) मदर डेयरी और दिल्ली दुग्ध योजना ने 14 दिसम्बर, 1990 से टोण्ड दूध में 50 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की। दिल्ली दुग्ध योजना ने उसके बाद दूध के मूल्य में वृद्धि नहीं की है। मदर डेयरी ने 16 अप्रैल, 1991 से 5.50 रुपये प्रति लीटर की दर से डबल टोण्ड दूध की बिक्री आरम्भ कर दी।

(ख) और (ग) जी, हां,। लाभ को दुग्ध उत्पादकों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकारी डेयरी संघ से प्राप्त होने वाले दूध का मूल्य 63 पैसे प्रति कि.ग्रा. बढ़ा दिया गया था।

(घ) उपर्युक्त (ख) और (ग) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

Derailment of trains.

226. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:
SHRIMATI MIRA DAS:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of derailment of trains during the last three years;

(b) what are the remedial measure* taken by Government in this regard;

(c) what action Government take against the persons responsible for the negligence in maintenance; and

(d) whether any incentives or disciplinary measures have been worked out for regular and very good performance of the staff and *vice-versa?*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS *(SHRI* MALLIKARJUN): (a) There were 457. 456 and 446 derailments during the years 1988-89. 1989-90 and 1990-91, respectively.